# भारत स्काउट एवं गाइड मध्य प्रदेश

राज्य मुख्यालय

शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल - 462002 ( म.प्र. )

दूरभाष : 0755-2661263, 2737446, फैक्स - 2661263

website : bsgmp.net, E-mail: scoutguide_bpl@dataone.in, scoutguide_bpl@hotmail.com


क्र. .................... दिनांक 1.8.14

क्रमांक/1030? /रा.मु./आ.संगो./बैठक/14-15 भोपाल, दिनांक 01 अगस्त 2014

प्रतिष्ठा में,

समस्त जिला अध्यक्ष,
समस्त जिला मुख्य आयुक्त एवं जिला आयुक्त
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश ।
जिला संघ मध्यपदेश ।

विषयः- दिनांक 18 जुलाई 2014 को आयोजित आयुक्त संगोष्ठी का कार्यवाही विवरण।

....***....

माननीय,

उपरोक्त विषयांतर्गत दिनांक 18 जुलाई 2014 को आयोजित भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र. के जिला अध्यक्ष, जिला मुख्य आयुक्त, जिला आयुक्त की बैठक का कार्यवाही विवरण आपकी ओर प्रेषित है ।

सादर,

संलग्न – कार्यवाही विवरण

(जी. आर. शर्मा)
राज्य सचिव

# दिनांक 18 जुलाई 2014 को आयोजित जिला अध्यक्ष, जिला मुख्य आयुक्त एवं जिला कमिश्नर की बैठक का

## <u>कार्यवाही विवरण</u>

भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र. के जिला संघों के पदाधिकारियों की बैठक दिनांक 18 **जुलाई 2014** दिन शुक्रवार समय **प्रातः 11:00** बजे राज्य मुख्यालय, भोपाल के सभागृह में माननीय **श्री प्रकाश हेडाऊ, उपाध्यक्ष,** भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, बैठक में जिला संघ के अध्यक्ष, जिला मुख्य आयुक्त, जिला कमिश्नर (स्काउट/गाइड) के साथ–2 राज्य मुख्यालय के निम्न पदाधिकारी उपस्थित थे–

<u>राज्य मुख्यालय</u>

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01. | श्री प्रकाश हेडाऊ | – | उपाध्यक्ष । |
| 02. | श्री जी.आर.शर्मा | – | राज्य सचिव । |
| 03. | श्रीमती अनिता अंकुलनेरकर | – | एस.ओ.सी. (गाइड) । |
| 04. | श्री प्रकाश दिसोरिया | – | एस.ओ.सी. (स्काउट) । |
| 05. | श्री रामनरेश तिवारी | – | एस.टी.सी. (स्काउट) । |
| 06. | श्रीमती आशा सिंह | – | एस.टी.सी. (गाइड) । |

<u>जिला संघ पदाधिकारी</u>

| | | | |
|---|---|---|---|
| 07 | सुश्री रेशु राजावत | – | सहायक राज्य आयुक्त, जिला कमिश्नर गा. ग्वालियर । |
| 08. | श्री सी.डी.प्रजापति | – | जिला मुख्य आयुक्त, उमरिया |
| 09. | श्री आर.पी.सिंह बुंदेला | – | जिला मु.आयुक्त, दतिया |
| 10. | श्री नरेन्द्र राजपूत | – | जिला मुख्य आयुक्त, डिण्डौरी |
| 11. | श्री भंवर शर्मा | – | जिला मुख्य आयुक्त, इन्दौर |
| 12. | श्री रामसेवक सोनी | – | जिला मुख्य आयुक्त, अशोकनगर |
| 13. | डा.आर.आर.परमार | – | जिला मुख्य आयुक्त, सीहोर |
| 14. | श्री अमृत एस सिंह | – | जिला कमिश्नर गा.,भोपाल |
| 15. | श्रीमती मीना शुक्ला | – | जिला कमिश्नर गा.अशोकनगर |
| 16. | श्री पी.एल.लोधी | – | जिला कमिश्नर स्का., बैतूल |
| 17. | श्री परमजीत सिंह | – | जिला कमिश्नर स्का.,अशोक नगर |
| 18. | श्री के.जी.शुक्ला | – | जिला कमिश्नर, दतिया । |
| 19. | श्रीमती नीरजा मीता आर्नल्ड | – | जिला कमिश्नर गा., के प्रतिनिधि कटनी । |
| 20. | श्रीमती कमला कुजूर | – | जिला कमिश्नर गा,. रासयेन |
| 21 | श्री कृष्ण कुमार खरे | – | जिला प्र.कमिश्नर, पन्ना |
| 22. | श्रीमती शशिवाला झा | – | जिला कमिश्नर गा.कटनी |
| 23. | श्री सुरेश प्रसाद तिवारी | – | जिला कमिश्नर स्का., रायसेन |
| 24. | श्री थामस भूरिया | – | जिला कमिश्नर स्का., शाजापुर |
| 25. | श्री आर.पी.तिवारी | – | प्र.जिला कमिश्नर स्का.सीधी |
| 26. | श्री रविन्द्र कुमार बांगरे | – | सहा.जिला कमिश्नर, सीहोर |
| 27. | श्री ओ.पी.गुप्ता | – | जिला उपाध्यक्ष, मुरैना । |
| 28. | श्री आर.के.मालवीय | – | ब्लाक कमिश्नर स्का., शाजापुर |

**कोरम की पूर्ति होने पर राज्य सचिव ने** अध्यक्ष महोदय से बैठक प्रारंभ करने की अनुमति चाही। सभा अध्यक्ष द्वारा अनुमति प्रदान करने पर ईश प्रार्थना के साथ जिला संघ पदाधिकारियों की बैठक प्रारंभ हुई।

स्वागत कार्यक्रम पश्चात् राज्य सचिव ने श्री प्रकाश दिसोरिया को बैठक संचालन हेतु आंमत्रित किया। श्री दिसोरिया के अनुरोध पर बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों द्वारा व्यक्तिशः परिचय दिया ।

**राज्य सचिव** ने स्वागत भाषण देते हुए सदस्यों को अवगत कराया कि माननीय अध्यक्ष, भा. स्काउट एंड गाइड, माननीय राज्य मुख्य आयुक्त की ओर से मैं उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत करता हूँ

आज की बैठक में आपके द्वारा दिये जाने वाले सुझावों का स्वागत है ।

**(1)** **श्री प्रकाश दिसोरिया** द्वारा पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से इस कांफ्रेस के <u>उद्‌देश्य एवं संस्था का परिचय</u> दिया गया । श्री दिसोरिया द्वारा दी गई जानकारी इस प्रकार है –

**1. जिलासंघों के क्रियाकलापों में सक्रियता लाना एवं संगठन को आंदोलन का स्वरूप देना।**

**2. स्काउटिंग/गाइडिंग में जिलासंघ के पदाधिकारियों को उनकी भूमिका एवं दायित्वों की जानकारी देना।**

**3. जिलासंघ पदाधिकारियों के मध्य समन्वय स्थापित करना।**

**4. वयस्क प्रशिक्षण एवं युवा कार्यक्रम में प्रतिभागिता बढ़ाना।** साथ ही **(1) भारत स्काउट एंव गाइड के आधारभूत तत्व (2) परिभाषा (3) उद्‌देश्य (4) सिद्धांत (5) पद्धति** सम्बन्धी जानकारी से अवगत कराया ।

**(2)** **श्रीमती अनिता अंकुलनेरकर** ने <u>वार्षिक योजना</u> की जानकारी देते हुए अवगत कराया कि वार्षिक योजना 2014–15 को छह भागों में बांटा गया है (1) युवा कार्यक्रम (2) संख्यात्मक विकास (3) संसाधन विकास (वित्तीय, भौतिक एवं प्राकृतिक संसाधन) (4) प्रबंध प्रणाली विकास (5) जनसंपर्क एवं प्रचार प्रसार (6) वयस्क संसाधन । श्रीमती अंकुलनेरकर ने जानकारी प्रदान की बैज समिति का गठन अगस्त माह में कर प्रत्येक तीन माह में बैठक हो तथा 20 दल का चयन व सक्रिय संचालक जुलाई से सितम्बर तक अनिवार्यतः हो। जिलों में वेंचर क्लब व ग्रामीण रोवर रेंजर दल का गठन सितम्बर माह तह अनिवार्यतः किया जावे। बजट निर्माण व आय–व्यय का अंकेक्षण कराने, जिला परिषद की बैठक आयोजित कराने, आदर्श प्रशिक्षण दल का किट तैयार करने, प्रशिक्षण केन्द्र हेतु भूमि का चयन एवं प्रस्ताव कलेक्टर को भिजवाने, जिला विवरणिका की पूर्ति करना, भंडार कक्ष की स्थापना करने, जिला संघो के कार्यक्रमो का प्रतिवेदन भेजना, समाचार पत्रों, दूरदर्शन, आकाशवाणी पर प्रसारण कराना, बालचर रवि की गत वर्ष के सदस्यों का नवीनीकरण व 10 आजीवन एवं 100 वार्षिक सदस्य बनाना, संभागीय कार्यालय को इन्टरनेट से संबंद्ध कर, वेबसाईट बी.एस.जी.एम.पी.डाट नेट से समस्त परिपत्रों को डाउन लोडकरना, ई–मेल व फेक्स सुविधा अपग्रेड कराना, जिले के 12 स्काउट मास्टर, 06 कब मास्टर, 02 रोवर लीडर, 06 गाइड केप्टीन, 03 फ्लाक लीडर, 01 रेजर लीडर को बेसिक प्रशिक्षण कराना, हिमालय वुड बैज प्रशिक्षित मे से 50 प्रतिशत को ट्रेनिंग टीम का सदस्य बनाना एवं अन्य समस्त आवश्यक जानकारी प्रदान की ।

प्रशिक्षण किट की जानकारी चाहने पर सदस्यों को विस्तार से जानकारी दी गई । श्री ओ.पी. गुप्ता द्वारा जानना चाहा की क्या सहायक राज्य संगठन आयुक्त/जिला संगठन आयुक्त के द्वारा निरंतर मॉंनिटरिंग की जाती है । श्रीमती अंकुलनेरकर ने अवगत कराया कि राज्य मुख्यालय, संभाग मुख्यालय द्वारा भी मॉंनिटरिंग की जाती है । जिला संघ पदाधिकारी भी एल.टी./ए.एल.टी./कांउसलर्स को भी दल विजिट हेतु क्षेत्र बताते हुए मॉंनिटरिंग करवा सकते हैं ।

**श्रीमती अनिता अंकुलनेरकर ने** <u>**वार्षिक कार्यक्रम 2014–15**</u> में राज्य, संभाग, जिला एवं ब्लाक स्तर के कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की । दल भ्रमण की जानकारी प्रदान करने पर श्री ओ.पी. गुप्ता द्वारा 20 दलों के सम्बन्ध में किये गये प्रश्नों का समाधान किया एवं लक्ष्यों की पूर्ती करने की अपेक्षा की । सभी को अवगत कराया गया कि आदर्श दलों को प्रोत्साहित भी किया जाता है । राज्य मुख्यालय द्वारा आयोजित गाइडिंग उन्नयन कार्यक्रम में अधिक से अधिक गाइडर को सम्मिलित कराने एवं स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाते हुए सभी गणमान्य नागरिकों से संपर्क करने पर जोर दिया । बैठक में सम्मिलित पदाधिकारियों को इस वर्ष के अंत में राजस्थान में होने वाले राष्ट्रीय जंबूरी हेतु आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने तथा संस्था में इस वर्ष

से प्रस्तावित डेजर्ट एंव कोस्टल ट्रेकिंग कार्यक्रम के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई । सभी को अवगत कराया गया कि ट्रेनिंग काउंसलर्स कौर्स संभाग स्तर पर होगा व एडवांस बेसिक कोर्स भी पात्रता पूर्ण होने पर संभाग स्तर के प्रशिक्षण केन्द्र पर ही होंगे व स्थानीय हाईक जो 04–05 किलोमीटर के क्षेत्र में होगी वह पानी के स्थलों पर आयोजित न की जावे जिसमें बच्चों के साथ कोई अनहोनी की आशंका होती हो । सूचना दी गई कि प्रत्येक माह जिला संघ के पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक हो व जी.आई कोर्स माह अगस्त तक अनिवार्यतः कर लिया जावे। एस.ओ.सी.–जी द्वारा परिचायात्मक शिविर की जानकारी के साथ विभिन्न उप समितियों एवं द्वितीय चरण/द्वितीय सोपान जाँच शिविर आयोजित करने हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान की ।

**राज्य सचिव ने कहा कि** इस स्वैच्छिक आंदोलन में सभी का सहयोग आवश्यक है स्कूल शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, राज्य शिक्षा केन्द्र से संस्था को सहयोग प्राप्त होता है । राज्य शासन, स्कूल शिक्षा विभाग ने वर्ष 2014–15 हेतु जारी शैक्षणिक कैलेण्डर में स्काउटिंग–गाइडिंग के कार्यक्रमों को भी सम्मिलित किया है ।

**श्री ओ.पी.गुप्ता ने राष्ट्रपति/राज्यपाल अवार्डधारित स्काउट/गाइड को हाईस्कूल/हा. सें/प्रतियोगी परिक्षाओं में मा.शि.म./राज्य शासन/व्यापम से अतिरिक्त अंक देने का प्रस्ताव** देने **पर उन्हें अवगत कराया गया कि वर्षो पूर्व स्कूल स्तर पर बोर्ड परिक्षाओं में ऐसी व्यवस्था थी जो बाद में समाप्त हो गई है । कुछ वर्षो से पुनः इस दिशा में प्रयास जारी है वर्तमान में माननीय राज्य मंत्री स्कूल शिक्षा के साथ स्काउटिंग की समस्या के सम्बन्ध में एक उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन होना है जिसमें इस बिंदु को भी रखा जावेगा।**

**(3)** **श्रीमती अनिता अंकुलनेरकर,** राज्य संगठन आयुक्त–गाइड ने राज्य मुख्यालय द्वारा संभाग व जिलों के कार्य मूल्यांकन हेतु जारी की जाने वाली वर्ष 2014–15 की <u>ग्रेडिंग</u> की 04 वर्ष के तुलनात्मक ग्रेडिंग के प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी प्रदान करते हुए अवगत कराया कि **<u>राज्य स्तरीय वार्षिक योजना, कार्यक्रम के आधार पर संभाग व जिला स्तरीय कार्यक्रम व लक्ष्य पूर्ति आधार पर किये गये कार्यो का सतत व समग्र मुल्यांकन हेतु सत्र 2009–10 से ग्रेडिंग व्यवस्था प्रारंभ की गई है । वार्षिक कार्ययोजना के समस्त बिंदुओं एवं वार्षिक कार्यक्रम के कुल 53 कार्यक्रमो को महत्व के अनुसार 5 श्रेणी ए.बी.सी.डी.ई में विभाजित किया गया है। ए+ उत्कृष्ठ ग्रेड, ई–अधिक खराब ग्रेड है । ग्रेडिंग में सभी श्रेणियों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों को सम्मानित किया जावेगा । ग्वालियर एवं छिंदवाड़ा जिले ने "बी" ग्रेड प्राप्त किया है वर्तमान में अधिकतर जिलों को "सी" "डी" अथवा "ई" ग्रेड प्राप्त हुआ है, इसका कारण या तो सम्बन्धित जिला संघ की निष्क्रियता है अथवा प्रतिवेदन राज्य मुख्यालय को अप्राप्त होना प्रतीत होता है । यदि कार्यक्रम पूर्ण सक्रियता के साथ होते हैं एवं लक्ष्य अनुसार पूर्ति होती है तो "ए" ग्रेड प्राप्त हो सकता है । अतः जिले के पदाधिकारी इस ओर ध्यान देते हुए मॉनिटरिंग, नियंत्रण एवं प्रयास करें तो निःसंदेह ग्रेडिंग में सुधार होगा ।</u>**

**(4)** **श्री प्रकाश दिसोरिया** ने जिला पदाधिकारियों की जाँब प्रोफाईल की जानकारी से अवगत कराया (01) जिला संघ संगठन, (02) जिला कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी की बैठक की जानकारी, उसके अधिकार व कर्तव्य (03) जिला संघ अध्यक्ष, जिला मुख्य आयुक्त, जिला कमिश्नर स्काउट–गाइड, जिला मुख्य आयुक्त, जिला आयुक्त स्काउट/गाइड, जिला संगठन स्काउट/गाइड, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट/गाइड, जिला सचिव, संयुक्त सचिव के कार्य की जानकारी (जाँब प्रोफाईल) से सभी को अवगत कराया गया । जिला संघ निर्वाचन की प्रक्रिया से अवगत कराया गया । उन्हें बताया गया कि जिला परिषद की बैठक माह जुलाई में कोरम पूर्ति कर की जाना चाहिये । **जिला संघ कार्यकारिणी की बैठक वर्ष में 03 बार व अनिवार्यतः होना ही चाहिये**। विभिन्न वित्तिय स्वीकृति में जिला कमिश्नर (स्काउट–गाइड) की स्वीकृति होती है । ए.एल.टी./एल. टी. के आनरेबल चार्ज नवीनीकृत करवाया जावे तथा दल भी अवश्य संचालित करें।

**श्री दिसोरिया** ने विभिन्न समितियों के गठन की जानकारी से भी उपस्थित पदाधिकारियों को अवगत कराया ।

<u>राज्य सचिव</u> ने अवगत कराया कि जिला सचिव, जिला कोषाध्यक्ष के पद पर एक व्यक्ति का एक बार ही मनोनयन होगा। अगली बार वह किसी और पद पर आसीन हो सकता है । जिला संघ के पदाधिकारी शासन के उच्च अधिकारियों से स्काउटिंग के उत्थान हेतु सहयोग प्राप्त करें । अनेक जिलों में कलेक्टर आवश्यक सहयोग करते हैं शहडोल कलेक्टर स्वयं कैंपो में जाकर निरीक्षण करते हैं एवं गतिविधी से जुड़े हैं । जानकारी दी गई कि होमगार्ड विभाग के डी.जी.पी. स्वयं राज्य मुख्यालय भोपाल में आपदा प्रशिक्षण शिविर में पधारे थे एवं एवं उन्होंने जिला स्तर पर स्काउटिंग से जुड़े स्काउट्स/गाइडस्/स्काउटर/गाइडर

हो आपदा प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु सहमति प्रदान की । स्काउटिंग के माध्यम से बच्चों का व्यक्तित्व विकास किया जाता है उन्हें विभिन्न बैज प्रदान किये जाते हैं ।

**श्रीमती अनिता अंकुलनेरकर** ने जिला संघ परिषद, जिला कार्यकारिणी की बैठक की जानकारी, उसके अधिकार व कर्तव्य, बैठक हेतु कोरम की जानकारी देते हुए कहा कि बैठक दिनांक 31 जुलाई तक अवगत सम्पन्न हो जावे ।

**(5)** **श्री प्रकाश दिसोरिया** ने **दल पंजीयन** के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए कहा कि दल पंजीयन महत्वपूर्ण कार्य है। विगत तीन वर्षो की पंजीयन राशि लक्ष्य/पूर्ती की जानकारी प्रस्तुत करने के बाद अवगत कराया कि स्कूलों में प्राप्त पंजीयन राशि के विभाजन की जानकारी देते हुए अवगत कराया कि वर्तमान में मात्र कक्षा 09 से 12 तक के स्कूलों के बच्चों का ही शुल्क लिया जाता है। वर्तमान में माध्यमिक कक्षाओं तक का शुल्क शासन द्वारा नहीं लिया जा रहा है परन्तु पूर्व वर्षो का प्राप्त शुल्क अनेक शालाओं में जमा है जिसका अन्य गतिविधियों में उपयोग किया जा सकता है अतः उक्त स्काउट निधि का उक्त शुल्क प्राप्त कर राज्य मुख्यालय का अंश भेजा जावे । मॉनिटरिंग व राशि के अभाव में गतिविधि का कार्य पिछड़ता है। प्राप्त पंजीयन राशि से राष्ट्रीय मुख्यालय को पंजीयन राशि भेजना, जंबूरी कार्यक्रम, संस्था के कार्यक्रम निरंतर जारी रहते हैं। आप सभी अपने जिले/संभाग के प्रशिक्षण केन्द्रों के विकास हेतु आवश्यक सहयोग करें, कलेक्टर एवं गणमान्य व्यक्तियों से संपर्क करे एवं प्रशिक्षण केन्द्रों पर शिविर लगायें जिससे प्रशिक्षण केन्द्रों का उन्नयन होगा। हमारे साथ आप भी प्रयास करें कि आपके जिले में एक प्रशिक्षण केन्द्र अवश्य हो।उपस्थित जिला अधिकारियों/पदाधिकारियों को अवगत कराया गया कि राज्य मुख्यालय द्वारा जारी महत्वपूर्ण पत्र संस्था की वेबसाईट में अपलोड किये जाते हैं जिसे सम्बन्धित डाउनलोड कर प्रयोग कर सकते हैं।

**श्री प्रकाश दिसोरिया** ने **साज सज्जा (भंडार)** के "नो प्राफिट नो लास" संचालन की प्रणाली से अवगत कराया और स्पष्ट किया कि स्काउट सामग्री अनाधिकृत संस्था/फर्म/दुकान/व्यक्ति से न क्रय करते हुए राज्य मुख्यालय अथवा संभागीय मुख्यालय/जिला संघ में पदस्थ जिला संगठन आयुक्त से क्रय की जावे संस्था के माध्यम से यूनिफार्म क्रय की जाने बाबत राज्य शासन, स्कूल शिक्षा विभाग से भी परिपत्र/सूचना जारी किये गये है संस्था की यूनिफार्म निर्धारित नार्म्स अनुसार तैयार की जाती है। अनाधिकृत विक्रेता द्वारा प्रदत्त सामग्री निर्धारित मापदंडो पर खरी नहीं होती है संस्था को नुकसान होता है अतः इन्हें हतोत्ताहित किया जावे, इस बारे में स्कूलों को पत्र/सूचना भी जारी की जावे।

श्री दिसोरिया ने संस्था की मासिक पत्रिका **"बालचर रवि"** की आजीवन एवं साधारण सदस्यों की सदस्य संख्या से अवगत कराया एवं स्वयं सदस्यता ग्रहण करने व अन्यों को सदस्य बनाने का कहा। जिला संघ निर्वाचन के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि जिन जिलों में निर्वाचन होना है वह राज्य मुख्यालय से अनुमति प्राप्त कर नियमानुसार निर्वाचन करावें । खंड स्तर पर स्काउटर–गाइडर एवं प्राचार्य–एक्सीलेंस स्कूल को सम्मिलित करते हुए तदर्थ समिति बनाते हुए निर्वाचन सम्पन्न करें। इस वर्ष 52 बच्चे राष्ट्रपति स्काउट–गाइड के रूप में तैयार हुए । सरकारी/गैर सरकारी स्कूल में दल प्रारंभ करवाया जावे।

**(6)** **श्री नरेन्द्र राजपूत ने कहा कि पूर्व आयुक्त संगोष्ठी में सुझाव दिया गया था कि स्कूलों में एक कालखंड स्काउटिंग सम्बन्धी हो । सुझाव पर प्रबंधन द्वारा की गई कार्यवाही से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एक कालखंड स्काउटिंग हेतु प्रांरभ होने का आदेश जारी हो गया जिसके लिये सभी को धन्यवाद । मैं जानना चाहता हूँ कि और कितने सुझावों पर क्रियान्वयन हुआ है । मेरा सुझाव यह है कि प्रदेश के पदाधिकारी जिलों के शिविरों में आकर निरीक्षण करें । इससे प्रतिभागियों एवं संचालकों को प्रोत्साहन मिलेगा ।**

श्री राजपूत को अवगत कराया कि उच्च स्तरीय समिति की बैठक में अनेक सुझावों पर चर्चा होना है उसी के अनुसार आवश्यक कार्यवाही होगी ।

**श्री राम नरेश तिवारी** ने जिला मुख्य आयुक्त के कार्य से अवगत कराते हुए अपेक्षा की जिला मुख्य आयुक्त उनके जॉब प्रोफाईल अनुसार कार्य संपादित करेंगे तो जिले में स्काउटिंग का कार्य सुगम होगा।

**श्री भंवर शर्मा** ने जिला मुख्य आयुक्त प्रतिनिधि के रूप में उनके द्वारा किये जा रहे कार्य की जानकारी सदन को प्रदान की। उन्होंने अवगत कराया कि वह लगभग 18 वर्ष से जिला संघ इंदौर में अलग–2 पदों पर सक्रिय रूप से सेवाएँ दे रहे हैं ।श्री शर्मा ने कहा कि यह आंदोलन शासकीय तंत्र के स्थान पर जन आंदोलन बने। हमारी गतिविधियों में अक्सर जिला शिक्षा अधिकारी सम्मिलित नहीं हो पाते हैं इंदौर में तो अवश्य संयुक्त संचालक जी का सहयोग मिल जाता है । हमें प्रशिक्षण केन्द्रों के विकास हेतु जनप्रतिनिधियों से सहयोग लेते हुए उनका सहयोग लेना चाहिये व उन्हें भी कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जावे। **हमारा प्रयास है कि माननीय राज्य मंत्री स्कूल शिक्षा जो कि इंदौर संभाग के ही हैं को आंमत्रित कर इस दिशा में सार्थक चर्चा व प्रयास किये जावे।**

श्री ओ.पी. गुप्ता ने कहा कि मेरा सुझाव है कि राज्य मुख्यालय द्वारा जारी परिपत्र की प्रतिलिपि जिला मुख्य आयुक्त को भी भेजी जावे व प्रदेश में जिन जिला संघों में कर्मचारी पदस्थ नहीं हैं वहाँ कर्मचारी को पदस्थ कर कार्य सौंपा जावे। संस्था द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में भी प्रोजेक्ट प्राप्त कर कार्य किया जा सकता है।

**(7)** अध्यक्षीय संबोधन :–

**श्री प्रकाश हेडाऊ सभा अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष (राज्य परिषद), ने अपने उद्बोधन में कहा कि आयुक्त संगोष्ठी को आयोजित करने हेतु राज्य मुख्यालय को बधाई देता हूँ । राज्य मुख्यालय के द्वारा स्काउटिंग उन्नयन हेतु किये जा रहे प्रयासों में हम सभी सहयोगी बने। हमें शैक्षणिक कैलेण्डर एवं ग्रेडिंग की जानकारी प्रदान की गई जिसका हम आत्म विश्लेषण करें एवं सही दिशा में कार्य सार्थक कार्य करते हुए अपने प्रयासों से लिखित में राज्य मुख्यालय को अवगत करावें जिससे हमारी जानकारी ग्रेडिंग में सम्मिलित हो और हम "ई" के स्थान पर "ए" अथवा "ए+" ग्रेड प्राप्त कर हमारे जिलो/संभाग का नाम रोशन करें ।**

**आज बैठक में अनेक विषयों पर चर्चा की गई एवं कार्यप्रणाली से पुनः अवगत कराया गया । आप सभी पधारे एवं सक्रिय प्रतिभागी की यह आपके स्काउटिंग के प्रति समर्पण का प्रतीक है। धन्यवाद ।**

**(8)** धन्यवाद :–

**श्रीमती अनिता अंकुलनेरकर ने** सभी पदाधिकारियों को उनकी सहभागिता, बैठक हेतु समय देने एवं अमूल्य सुझाव हेतु आभार प्रकट करते हुए कहा कि हम स्काउटिंग को जन आंदोलन बनाने हेतु आपके सहयोग से निरंतर प्रयासरत है आपके सुझाव उच्च स्तर तक पहूँचेंगे एवं उन पर आवश्यक कार्यवाही होगी।

सक्रिय उपस्थिति हेतु आभार प्रकट करने के पश्चात् बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई ।

(जी.आर.शर्मा)
राज्य सचिव

पृष्ठांकन क्र./10307/2014 भोपाल, दिनांक 01.08.2014

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

01. माननीय श्री नानाभाऊ मोहोड़ अध्यक्ष, भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र. बी–8, सिविल लाइन, श्यामला हिल्स, भोपाल म.प्र.।
02. माननीय राज्य मुख्य आयुक्त, भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र., राज्य मुख्यालय, भोपाल म.प्र.।
03. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र., गौतम नगर, भोपाल म.प्र.।
04. आयुक्त, राज्य शिक्षा केन्द्र, अरेरा हिल्स, भोपाल म.प्र. ।
05. आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, सतपुड़ा भवन भोपाल म.प्र. ।
06. संयुक्त संचालक लोकशिक्षण/उपायुक्त आदिवासी विकास संभाग.........................................
07. सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) संभाग....................................../जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) जिला.........................की ओर भेजकर निर्देश कि आपके संभाग/जिले में जिला संघ पदाधिकारियों को बैठक कार्यवाही विवरण प्राप्ति की सुनिश्चितता करें ।
08. जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त आदिवासी विकास पदेन जिला कमिश्नर (स्काउट) जिला.................................
09. सम्बन्धित श्री..........................................................................................................................

(जी.आर.शर्मा)

राज्य सचिव